IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives
1967 2017 स्वर्ण जयंती Golden Jubilee

(मानव संसाधन विकास विभाग)

इफको कर्मचारी सुझाव योजना

नकुल पाठक महाप्रबंधक(मा.सं.)	**श्री एस आर कुशवाहा** वरि0 महाप्रबंधक, कांडला

संदर्भ सं0: वि0 मु0/सुझाव/118/2017-18 22 जून, 2017

विषयः इफको कर्मचारी सुझाव योजना के कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए "सर्वश्रेष्ठ इकाई पुरस्कार 2016-17-विजेता" ।

आपको ज्ञात ही है कि इफको अपने सभी संयंत्रों व विपणन कार्यालयों में कर्मचारी सुझाव योजना का कार्यान्वयन कर रही है। इकाई व राज्य स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को समय-समय पर प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत प्रति वर्ष संयंत्रों में क्रिएटिविटी मीट व मुख्यालय में अन्तः इकाई इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी मीट का आयोजन किया जाता है और इकाईयों/राज्यों व सुझावकर्त्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि इस प्रयोजन के लिए गठित निर्णायक मंडल ने सभी इकाईयों की रिपोर्टों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय किया है कि वर्ष 2016-17 के लिए विषयगत पुरस्कार कांडला इकाई को प्रदान किया जाए।

यह भी निर्णय किया गया है कि "सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार 2016-17-विजेता" पुरस्कार भी, कांडला इकाई को प्रदान किया जाये ।

सर्वश्रेष्ठ इकाई का पुरस्कार लगातार पांचवे वर्ष प्राप्त करने तथा इस वर्ष "सर्वाधिक सहभागिता पुरस्कार 2016-17-विजेता" प्राप्त करने के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। यह पुरस्कार 30 जून व 1 जुलाई,2017 को एफएमडीआई, गुड़गांव में आयोजित की जा रही सातवीं अन्तः इकाई इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट के उद्घाटन सत्र में दिनांक 30.06.2017 को प्रातः 9.30 बजे निदेशक(मानव संसाधन एवं विधि) द्वारा प्रदान किया जाएगा।

उक्त पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।

नकुल पाठक 22/06/17

(नकुल पाठक)